इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 20 सितम्बर 2013—भाद्र 29, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 2 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-899-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री महेश चन्द्र चौधरी, आयएएस., कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा को दिनांक 12 से 24 अगस्त 2013 तक, तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 11 एवं 25 अगस्त 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री महेश चन्द्र चौधरी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला छिन्दवाड़ा के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री महेश चन्द्र चौधरी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री महेश चन्द्र चौधरी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 4 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-409-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एस. आर. मोहंती, भाप्रसे., (1982) विकअ-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा विकअ-आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म. प्र. एवं प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम को दिनांक 12 से 16 अगस्त 2013 तक,

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 9, 10, 11 एवं 17, 18 अगस्त 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में श्री एस. आर. मोहंती को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. आर. मोहंती अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-771-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, आयएएस., कलेक्टर, जिला खरगौन को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 मई 2013 द्वारा दिनांक 27 मई 2013 से 7 जून 2013 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश, दिनांक 25, 26 एवं 8, 9 जून 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया था, में आंशिक संशोधन करते हुए, अब उन्हें दिनांक 31 मई से 22 जून 2013 तक, तेईस दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 23 जून 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 23 मई 2013 की शेष कंडिकाएं यथावत् रहेंगी.

क्र. ई-5-832-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अश्विनी कुमार राय, आयएएस., सचिव 'कार्मिक' मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 30 जुलाई से 3 अगस्त 2013 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 4 अगस्त 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अश्विनी कुमार राय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव 'कार्मिक' मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अश्विनी कुमार राय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अश्विनी कुमार राय अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-778-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव, भाप्रसे (1995), आयुक्त-सह-पंजीयक सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, राज्य सहकारी तिलहन उत्पादक संघ को दिनांक 2 से 14 अगस्त 2013 तक, तेरह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनीष कुमार श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-863-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, भाप्रसे. (2010) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, होशंगाबाद को दिनांक 11 से 20 सितम्बर 2013 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, होशंगाबाद के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री कृष्ण गोपाल तिवारी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री कृष्ण गोपाल तिवारी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 अगस्त 2013

क्र. एफ-ए-5-07-2013-एक (1).—राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री शील नागू, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ, ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दिनांक 22-4-2013 से दिनांक 26-4-2013 तक.	5 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 20 एवं 21-4-2013 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 2 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-732-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री आकाश त्रिपाठी, आयएएस., कलेक्टर, जिला इन्दौर को समसंख्यक आदेश दिनांक 10 जुलाई 2013 द्वारा दिनांक 18 से 23 मई 2013 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, उपभोग न किये जाने के कारण एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विद्या भोसले, अवर सचिव ''कार्मिक''.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2013

क्र. एफ-9-2-2008-ब-सोलह.—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (34 सन् 1948) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-9-2-99-ब-सोलह, दिनांक 5 फरवरी 2007 के अनुक्रम में इंडियन कॉफी वर्क्स को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, जबलपुर को उक्त अधिनियम के प्रावधानों से दिनांक 1 अक्टूबर 2013 से 30 सितम्बर 2014 तक की अवधि के लिये इस शर्त पर छूट प्रदान करता है कि कर्मचारियों को सोसायटी द्वारा दी जा रही सुविधाएं कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं से कम नहीं होगी. सोसायटी द्वारा वर्तमान में दी जा रही सुविधाओं के अतिरिक्त कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा दिया जाने वाला रिहबिलेटेशन अलाउंस की सुविधा भी प्रदान की जावेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. कुमरे, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए) 68-2011-ब-2-दो.—(1) श्रीमती कृष्णावेती देसावतु, भापुसे., पुलिस अधीक्षक, झाबुआ को दिनांक 2 जुलाई से 30 सितम्बर 2013 तक, कुल तीन माह का प्रसूति अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में इनका कार्य श्री सुरेन्द्र पाल सिंह, भापुसे, सेनानी 15वीं वाहिनी, विसबल, इन्दौर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती कृष्णावेती देसावतु, भापुसे., को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सेनानी 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती कृष्णावेती देसावतु, भापुसे., द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती कुष्पावेती देसावतु, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती कुष्णावेती देसावतु, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर बनी रहतीं.

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए)271-1986-ब-2-दो.—श्री अशोक दोहरे, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक सायबर सेल, पु. मु., भोपाल के परिवार के निम्नलिखित सदस्य को दिनांक 20 जून 2013 से 15 जुलाई 2013 तक की अवधि राज्य शासन द्वारा खण्डवर्ष 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में गृह नगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण की यात्रा की पात्रता के तहत् ''मुम्बई'' अवकाश यात्रा पर जाने की कार्योत्तर अनुमति प्रदान की जाती है :—

1. श्रीमती नीता दोहरे, - पत्नी
2. कु. प्रतिभा अंजलि दोहरे - पुत्री
3. कु. अनुपंमा अंजलि दोहरे, - पुत्री

उपर्युक्त अवकाश यात्रा के लिये 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंद्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2013

फा. क्र. 1(बी)-02-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त

शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री रामनारायण गर्ग पुत्र स्व. श्री किशोरी लाल गर्ग, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये दमोह सत्र खण्ड के दमोह राजस्व जिले के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक जिला दमोह नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री रामनारायण गर्ग की जन्म तिथि 15 अगस्त 1967 (पन्द्रह अगस्त उन्नीस सौ सढ़सठ) है और उनकी दिनांक 14 अगस्त 2029 (चौदह अगस्त दो हजार उन्तीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-02-2004-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 मई 2012 द्वारा नियुक्त श्री नरोत्तम लाल चौरसिया, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/अति. लोक अभियोजक, दमोह के कार्यकाल दिनांक 28 मई 2013 को समाप्त होने के पश्चात् उन्हें दिनांक 29 मई 2013 से दिनांक 28 मई 2016 तक तीन वर्ष की अवधि हेतु पुर्ननियुक्त इस शर्त के अधीन किया जाता है, कि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री नरोत्तम लाल चौरसिया की जन्म तिथि 1 मई 1966 (एक मई उन्नीस सौ छियासठ) है और उनकी आयु दिनांक 30 अप्रैल 2028 (तीस अप्रैल दो हजार अट्ठाईस) को 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-02-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री कृष्णकान्त खरे पुत्र श्री राधिका प्रसाद खरे, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये दमोह सत्र खण्ड के दमोह राजस्व जिले के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक जिला दमोह नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री कृष्णकान्त खरे की जन्म तिथि 9 मई 1970 (नौ मई उन्नीस सौ सत्तर) है और उनकी दिनांक 8 मई 2032 (आठ मई दो हजार बत्तीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-02-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री मुकेश जैन पुत्र स्व. श्री कुंदनलाल जैन, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये दमोह सत्र खण्ड के दमोह राजस्व जिले के लिये लोक अभियोजक जिला दमोह नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री मुकेश जैन की जन्म तिथि 5 जून 1971 (पाँच जून उन्नीस सौ इकत्तर) है और उनकी दिनांक 4 जून 2033 (चार जून दो हजार तैंतीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर, 2013

फा. क्र. 1(बी)-12-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री संजय कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री विश्वनाथ शर्मा, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये भिण्ड सत्र खण्ड के भिण्ड राजस्व जिले के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक जिला भिण्ड नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री संजय कुमार शर्मा की जन्म तिथि 30 सितम्बर 1971 (तीस सितम्बर उन्नीस सौ इकहत्तर) है और उनकी दिनांक 29 सितम्बर 2033 (उन्तीस सितम्बर दो हजार तैंतीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

फा. क्र. 1(बी)-12-2004-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा श्री रविन्द्र कुमार मुदगल पुत्र श्री प्राणेश कुमार, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये भिण्ड सत्र खण्ड के भिण्ड राजस्व जिले के लिये अतिरिक्त लोक अभियोजक जिला भिण्ड नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

टीप.—श्री रविन्द्र कुमार मुदगल की जन्म तिथि 6 जुलाई 1971 (छः जुलाई उन्नीस सौ इकहत्तर) है और उनकी दिनांक 5 जुलाई 2033 (पांच जुलाई दो हजार तैंतीस) को आयु 62 वर्ष पूर्ण होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर, 2013

फा. क्र. 2984-2013-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, विभादत्ता माखिजा, स्थाई अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के त्यागपत्र के फलस्वरूप उनको आवंटित सिविल कार्य एवं नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल संबंधित कार्य श्री सी. डी. सिंह, स्थाई अधिवक्ता एवं आपराधिक से संबंधित कार्य श्री सौरभ मिश्रा, स्थाई अधिवक्ता, नई दिल्ली को एतद्द्वारा सौंपा जाता है.

भोपाल, दिनांक 12 सितम्बर, 2013

फा. क्र. 2984-2013-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 27 मार्च 2002 द्वारा स्थायी अधिवक्ता के पद पर नियुक्त विभा दत्ता माखिजा, अधिवक्ता द्वारा स्थायी अधिवक्ता के पद से प्रस्तुत त्यागपत्र आवेदन प्रस्तुति दिनांक 4 सितम्बर 2013 से एतद्द्वारा स्वीकृत करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनिल वर्मा, सचिव, वास्ते प्रमुख सचिव.

राजस्व विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. एफ 2-5-2013-सात-शा. 6.—मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 240 के अंतर्गत मध्यप्रदेश वृक्षों की कटाई का प्रतिषेध या विनियमन नियम, 2007 के नियम 2 प्रतिबंधित स्थलों तक सीमित है.

(2) मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 241 के अन्तर्गत मध्यप्रदेश शासकीय वनों से लगे हुए ग्रामों में इमारती लकड़ी को काटकर गिराने तथा हटाने का विनियमन, 2007 के नियम 5 के प्रावधान वन सीमा से लगे अधिसूचित ग्रामों तक सीमित है.

उक्त संहिता के प्रावधान से भिन्न शेष क्षेत्रों के लिये अनुमति संहिता के उक्त प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक नहीं है.

(3) यदि निजी धारकों की भूमि पर वृक्ष खड़े हैं तो उन्हें गिरदावरी के समय खसरे में वृक्ष की प्रजाति के उल्लेख के साथ अंकित किया जाए.

यह निर्देश संहिता से भिन्न अन्य अधिनियम/नियम या विनियमन पर लागू नहीं होंगे. राजस्व अधिकारी वृक्ष कटाई के संबंध में प्रचलित अधिनियम/नियम या विनियमन का पालन करेंगे.

कमला अजीतवार, अवर सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

संशोधित अधिसूचना

क्र. डी-15-11-2005-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 69 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, पूर्व में जारी इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-11-2005-चौदह-3, भोपाल दिनांक 20 अगस्त 2013 जो राजपत्र में दिनांक 23 अगस्त 2013 प्रकाशित हुई है, को अधिक्रमित करते हुए, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-11-2005-चौदह-3, दिनांक 12 जुलाई 2012 जो राजपत्र में दिनांक 20 जुलाई 2012 प्रकाशित हुई है, की शर्तों एवं निबंधनों के अधीन राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ऐसी अधिसूचित कृषि उपज उड़द/उरदा, मूंग, तुअर/अरहर, चना, मसूर एवं मटर/बटरा/बठरी, जो कि विदेशों से एवं या राज्य के बाहर से किसी मण्डी क्षेत्र में प्रसंस्करण में उपयोग के लिये लाई गई हो, पर उक्त अधिनियम के अधीन देय मण्डी फीस के भुगतान से पूर्णतः छूट प्रदान करती है.

मण्डी फीस के भुगतान से यह छूट दिनांक 23 अगस्त 2013 से आगामी एक वर्ष के लिये प्रवृत्त होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. त्रिपाठी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. डी-15-11-2005-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 10 सितम्बर 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. त्रिपाठी, उपसचिव.

Bhopal, the 10 September 2013

No. D-15-11-2005-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by sub section (1) and (2) of Section 69 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby, rescind this departments notification No. D-15-11-2005-XIV-3, dated 20th August 2013 published in the "Gazette" on dated 23rd August 2013 and thereafter, subject to the conditions specified in this departments notification No. D-15-11-2005-XIV-3, dated 12th July 2012 published in the "Gazette" on dated 20th July 2012 exempt, notified agricultural produce Urad/Urda, Mung, Tuar/Arhar, Chana, Masoor and Mattar/Batra/Batri from payment of whole market fee payable under the said Act, which is brought from foreign and or out of the state for processing by the Dal-Mills extablished in the market area.

This notification for exemption from payment of market fee shall come in force after its publication in "Gazette" w.e.f. 23rd August 2013 for a period of only one year.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
R. K, TRIPATHI, Dy. Secy.

महिला एवं बाल विकास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. 2071-6-14-13-पचास-2-क्र. 1263-2013-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट निम्नलिखित किशोर न्याय बोर्ड का गठन, कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये करती है और उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्तव्यों का निवर्हन करने के प्रयोजनों के लिए, उसके (अनुसूची के) क्रमशः (4) में यथाविनिर्दिष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त करता है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र.	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय	जिले के नाम	सामाजिक कार्यकर्ताओं का नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1	मंदसौर	मंदसौर	1. श्री बृजेश जोशी	सदस्य
			2. श्रीमती सावित्री पोरवाल	सदस्य

No. 2071-6-14-13-L-2-No. 1263-2013-L-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section-4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000 the State Government hereby Constitutes the following Juvenile Justice Board as specified in the column (2) of the schedule below, for the District as specified in column (3) and appoints Social Workers as specified in the column (4) respectively thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such board under the said Act, namely :—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1	Mandsaur	Mandsaur	1. Shri Brijesh Joshi	Member
			2. Smt. Savitri Porwal	Member

क्र. 2071-6-14-पचास-2-13-क्र. 1263-2013-पचास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 29 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट बाल कल्याण समिति का, उसके (अनुसूची के) कॉलम (3) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट क्षेत्र के लिये गठन करती है और (ख) उसके (अनुसूची के) कॉलम (4) में की तत्स्थानी प्रविष्टि में वर्णित व्यक्तियों को नियुक्त करता है, अर्थात् :—

अनुसूची

अ. क्र.	बाल कल्याण समिति के मुख्यालय का जिला	अधिकारिता के अन्तर्गत आने वाला (राजस्व जिला)	अवैतनिक सामाजिक कार्यकर्ताओं का नाम	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1	मंदसौर	मंदसौर	1. श्री रविन्द्र रामावत	अध्यक्ष
			2. श्री राजेश मेंड़तवाल	सदस्य
			3. श्री संजय जैन	सदस्य
			4. श्रीमती सचिता शिन्दे	सदस्य
			5. श्री देशबन्धु आर्य	सदस्य.

No. 2071-6-14-L-2-No. 1263-2013-L-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section-29 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act 2000, the State Government hereby Constitutes the following Child Welfare Committee as specified in column (2) of the schedule below, for the District as specified in the column (3) and appoints Social Worker as specified in column (4) respectively, thereof for the purposes of exercising the powers and discharging the duties conferred on such committee under the said Act, namely :—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Child Welfare Committee & its District Head Quarter	Jurisdiction (Revenue District)	Name of the Honorary Social Workers	
(1)	(2)	(3)	(4)	
1	Mandsaur	Mandsaur	1. Shri Ravindra Ramawat	Chair person
			2. Shri Rajesh Medatwal	Member
			3. Shri Sanjay Jain	Member
			4. Smt. Sachita Shinde	Member
			5. Shri Deshbandhu Arya	Member

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

खेमराज माहौर, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 11 सितम्बर 2013

फा. क्र. 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब (एक) 3513-2013.—विद्युत् अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 153 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय की सहमति से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना एफ. क्रमांक 17(ई) 83-03-इक्कीस-ब(1), दिनांक 16 सितम्बर 2010 में, जो मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 में दिनांक 24 सितम्बर 2010 को प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 16, 38, 39 एवं 51 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

क्रमांक	सिविल जिले का नाम	विशेष न्यायालय का नाम	विशेष न्यायालय के न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
"16.	भोपाल	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 2, भोपाल.	श्री कीर्ति कुमार वर्मा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, भोपाल.
38	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 3, ग्वालियर.	श्री संजय चतुर्वेदी, VIth अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.
39	ग्वालियर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 4, ग्वालियर.	श्री हरीश कुमार कौशिक, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.
51	जबलपुर	अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विशेष न्यायालय क्रमांक 9, जबलपुर.	श्री गोविन्द सिंह काकोडिया, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जबलपुर".

F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(one)-3513-2013.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 153 of the Electricity Act, 2003 (No. 36 of 2003), the State Government, with the concurrence of the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendments in this department's Notification F. No. 17(E) 83-03-XXI-B(1), dated 16th September, 2010, which was published in the Madhya Pradesh Gazette, Part-1, dated 24th September, 2010, namely :—

AMENDMENT

In the said notification, in the table, for serial numbers 16, 38, 39, and 51 and entries relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of the Civil District	Name of Special Court	Name of the Judge of the Special Court
(1)	(2)	(3)	(4)
"16.	Bhopal	Additional Sessions Judge, Special Court No. 2, Bhopal.	Shri Kirti Kumar Verma, Additional Sessions Judge, Bhopal.
38.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court No. 3, Gwalior.	Shri Sanjay Chaturvedi, VIth Additional Sessions Judge, Gwalior.
39.	Gwalior	Additional Sessions Judge, Special Court No. 4, Gwalior.	Shri Harish Kumar Kaushik, Additional Sessions Judge, Gwalior.
51.	Jabalpur	Additional Sessions Judge, Special Court No. 9, Jabalpur.	Shri Govind Singh Kakodia Additional Sessions Judge, Jabalpur.

फा.क्र. 17(ई) 2013-इक्कीस-ब(एक).—राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 (2008 का 34) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, उक्त अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी या समस्त अधिनियमितियों के अधीन अपराधों के विचारण के लिये नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय गठित करती है. उक्त न्यायालय की अध्यक्षता उसके (सारणी के) कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट न्यायाधीश द्वारा की जाएगी :—

सारणी

क्रमांक	जिले का नाम	विशेष न्यायाधीश का नाम
(1)	(2)	(3)
1.	बालाघाट	श्री पी. सी. शर्मा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, बालाघाट.
2.	बड़वानी	श्री डी. एस. सौलंकी, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचर निवारण) अधिनियम, बड़वानी.
3.	बैतूल	श्री पी. के. मिश्रा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, बैतूल.

(1)	(2)	(3)
4.	भिण्ड	श्री दीपक अग्रवाल, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, भिण्ड.
5.	भोपाल	श्री वी. के. पांडे, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, भोपाल.
6.	छतरपुर	श्री कृष्णमूर्ति मिश्रा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, छतरपुर.
7.	छिंदवाड़ा	श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव, (जूनियर), विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, छिंदवाड़ा.
8.	दमोह	श्री एम. सी. सोनी, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, दमोह.
9.	दतिया	श्री भरत सिंह ओहरिया, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, दतिया.
10.	देवास	श्रीमती रेणूका कंचन, प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, देवास
11.	धार	श्री आनंद के. तिवारी, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, धार
12.	खण्डवा (पूर्व निमाड़)	श्री जी. एस. दुबे, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, खण्डवा (पूर्व निमाड़).
13.	गुना	श्री आर. पी. मनकेलिया, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, गुना
14.	ग्वालियर	श्री अजित सिंह, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, ग्वालियर.
15.	हरदा	श्री अनिल कुमार मोहनिया, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, हरदा.
16.	होशंगाबाद	श्री योगेश दत्त शुक्ला, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, होशंगाबाद
17.	इंदौर	श्री पी. के. सिन्हा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, इंदौर
18.	जबलपुर	श्रीमती ममता जैन, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, जबलपुर
19.	झाबुआ	श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव (जूनि.) विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम झाबुआ.
20.	कटनी	श्री जे. आर. बच्चन, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, कटनी
21.	मंडला	श्री पी.सी. गुप्ता (सीनियर) विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, मंडला.
22.	मंदसौर	श्री ए. के. तिवारी, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, मंदसौर.
23.	मुरैना	श्री राजवर्धन गुप्ता, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मुरैना

(1)	(2)	(3)
24.	नरसिंहपुर	श्री एस. सी. तुरकर, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, नरसिंहपुर.
25.	नीमच	श्री वी. एल. झा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, नीमच.
26.	पन्ना	श्री महादेव मुवेल, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, पन्ना.
27.	रायसेन	श्री उमेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रायसेन
28.	राजगढ़	श्रीमती विभावरी जोशी, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, राजगढ़.
29.	रतलाम	श्री भागचंद मलैया, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, रतलाम.
30.	रीवा	श्री ओमकारनाथ, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रीवा
31.	सागर	श्री अनिल कुमार सोहने, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सागर
32.	सतना	श्री संजय शुक्ला, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सतना
33.	सीहोर	श्री डी. के. मिश्रा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवरण) अधिनियम, सीहोर.
34.	सिवनी	श्री शंभू सिंह रघुवंशी, विशेष न्यायाधीश, सिवनी.
35.	शहडोल	श्री अमरनाथ (केशरवानी) अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, शहडोल
36.	शाजापुर	श्री पवन कुमार गोधा, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, शाजापुर.
37.	श्योपुर	श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, (जूनियर), प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, श्योपुर.
38.	शिवपुरी	श्री रमेश कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, शिवपुरी
39.	सीधी	श्री जगदीशचन्द्र सुनहरे, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सीधी.
40.	सिंगरौली, बैढ़न	डॉ. विजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, सिंगरौली, बैढ़न
41.	टीकमगढ़	श्री जे. एस. कटारिया, विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, टीकमगढ़.
42.	उज्जैन	श्री जी. एस. सलूजा, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, उज्जैन
43.	विदिशा	श्री आर. बी. गुप्ता, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विदिशा

(1)	(2)	(3)
44.	मंडलेश्वर (पश्चिमी निमाड़)	श्री बी. के. जाटव, अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, मंडलेश्वर (पश्चिमी निमाड़)
45.	अलीराजपुर	श्री रामप्रकाश शरन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अलीराजपुर
46.	अनूपपुर	श्री दीपक गुप्ता, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, अनूपपुर
47.	अशोकनगर	श्री के. सी. गर्ग, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अशोकनगर
48.	बुरहानपुर	कु. सुनीता सिरिल बारलो, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर
49.	डिण्डोरी	श्रीमती अंजुली पालो, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी
50.	उमरिया	श्री सी. पी. वर्मा, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, उमरिया

यह संशोधन उस तारीख से प्रवृत्त होगा जिसको कि इस अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट न्यायाधीश उक्त न्यायालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण करें.

NOTIFICATION

F-No. B (1) 3476-2013.— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 22 of National Investigation Agency Act, 2008 (34 of 2008), the State Government in consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, constitute the Special courts specified in column (2) of the table below, for the trial of offences under any of all the enactment specified in the schedule of the said Act and the said court shall be presided by the Judge specified in column (3) thereof, namely :—

S. No. (1)	Name of District (2)	Name and Designation of the Judge (3)
1.	Balaghat	Shri P. C. Sharma, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Balaghat.
2.	Barwani	Shri D. S. Solanki, Specil Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Barwani.
3.	Betula	Shri P. K. Mishra, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Betul.
4.	Bhind	Shri Deepak Agrawal, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Bhind.
5.	Bhopal	Shri V. K. Pandey, IInd Additional Judge to the Court of Ist Additional Session Judge, Bhopal.
6.	Chhatarpur	Shri Krishna Murty Mishra, Additional Session Judge, Chhatarpur.
7.	Chhindwara	Shri Rajeev Kumar Shrivastava (Jr.) Special Judge, Schedule Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Chhindwara.
8.	Damoh	Shri M. C. Soni, Additional Session Judge, Damoh.
9.	Datia	Shri Bharat Singh Ohariya, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (prevention of Atrocities) Act, Datia.
10.	Dewas	Smt. Renuka Kanchan, Ist Additional Session Judge, Dewas

(1)	(2)	(3)
11.	Dhar	Shri Anand K. Tiwari, Additional Session Judge, Dhar.
12.	E. N. Khandwa	Shri G. S. Dubey, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act. Khandwa (East Nimar).
13.	Guna	Shri R. P. Mankeliya, Additional Session Judge, Guna.
14.	Gwalior	Shri Ajit Singh, Additional Sessions Judge, Gwalior.
15.	Harda	Shri Anil Kumar Mohania Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Harda.
16.	Hoshangabad	Shri Yogesh Dutta Shukla, Additional Session Judge, Hoshangabad.
17.	Indore	Shri P. K. Sinha, Additional Session Judge, Indore.
18.	Jabalpur	Smt. Mamta Jain, Additional Sessions Judge, Jabalpur.
19.	Jhabua	Shri Arvind Kr. Shrivastava, (Jr.) Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Jhabua.
20.	Katni	Shri J. R. Bacchan, Additional Sessions Judge, Katni.
21.	Mandla	Shri P. C. Gupta, (Sr. Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Mandla.
22.	Mandsaur	Shri A. K. Tiwari, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Mandsaur.
23.	Morena	Shri Rajvardhan Gupta, Additional Sessions Judge, Morena.
24.	Narsinghpur	Shri S. C. Thakur, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Narsinghpur.
25.	Neemuch	Shri V. L. Jha, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Neemuch.
26.	Panna	Shri Mahadeo Muvel., Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Panna.
27.	Raisen	Shri Umesh Ku. Gupta, Additional Sessions Judge, Raisen
28.	Rajgarh	Smt. Vibhawari Joshi, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Rajgarh.
29.	Ratlam	Shri Bhagchand Maliya, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Ratlam.
30.	Rewa	Shri Omkarnath, Additional Sessions Judge, Rewa.
31.	Sagar	Shri Anil Kumar Sohane, Additional Sessions Judge, Sagar.
32.	Satna	Shri Sanjay Shukla, Additional Sessions Judge, Satna.
33.	Sehore	Shri D. K. Mishra, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Sehore.
34.	Seoni	Shri Shambhu Singh Raghuwanshi, Special Judge, Seoni.

(1)	(2)	(3)
35.	Shahdol	Shri Amarnath (Kesarwani), Additional Sessions Jadge, Shahdol.
36.	Shajapur	Shri Pawan Kumar Godha Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act. Shajapur.
37.	Sheopur	Shri Rajendra Prasad Sharma (Jr.), Additional Sessions Judge, Sheopur.
38.	Shivpuri	Shri Ramesh Kumar Shrivastava Additional Sessions Judge, Shivpuri.
39.	Sidhi	Shri Jagdish Chandra Sunhare, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act., Sidhi.
40.	Singrauli Waidhan	Dr. Vijay Kumar Agrawal, Additional Sessions Judge, Singrauli Waidhan.
41.	Tikamgarh	Shri J. S. Kataria, Special Judge, Scheduled Castes, Schedule Tribes (Prevention of Atrocities) Act, Tikamgarh.
42.	Ujjain	Shri G. S. Salauja, Additional Sessions Judge, Ujjain.
43.	Vidisha	Shri R. B. Gupta. Additional Sessions Judge, Vidisha.
44.	W.N. Mandleshwar	Shri B. K. Jatav, Additional Sessions Judge, Mandleshwar (West Nimar).
45.	Alirazpur	Shri Ram Prakash Sharan, District & Sessions Judge, Alirazpur.
46.	Anuppur	Shri Deepak Gupta, Additional Sessions Judge, Anoopur.
47.	Ashoknagar	Shri K. C. Garg, District and Sessions Judge, Ashoknagar.
48.	Burhanpur	Ku. Sunita Ciril Barlow, Additional Sessions Judge, Burhanpur.
49.	Dindori	Smt. Anjuli Palo, District and Sessions Judge, Dindori.
50.	Umaria	Shri C. P. Verma, Additional Sessions Judge, Umaria.

This amendment shall come into force from the date on which the judge as specified in this notification assumes the charge of his Office in the said Court.

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2013

फा. क्र. 17(ई) 43-2009-3682-इक्कीस-ब(एक)-13.— ग्राम न्यायालय अधिनियम, 2008 (2009 का 4) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के परामर्श से, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 17(ई)43-2009-2251-इक्कीस-ब(1), दिनांक 10 मई 2013 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, अनुक्रमांक 2, 29, 30, 34, 38, 44, 47, 56, 66, 73 और 85 तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात् :—

सारणी

अनु क्रमांक	न्यायाधिकारी का नाम	पदस्थापना का स्थल	सिविल जिले का नाम	मध्यवर्ती स्तर की पंचायत के लिये ग्राम न्यायालय का नाम	ग्राम न्यायालय के मुख्यालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"2	श्री अतुल यादव, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2.	जोबट	अलीराजपुर	जोबट	जोबट

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
29	श्री जी. सी. दुबे, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	खण्डवा	खण्डवा	खण्डवा	खण्डवा
30	श्री राकेश कुमार जैन, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	गुना	गुना	गुना	गुना
34	श्री देवीलाल सोनिया, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 के अतिरिक्त न्यायाधीश तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	हरदा	हरदा	हरदा	हरदा
38	श्री विकास चन्द्र मिश्र, नवम् व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	जबलपुर	जबलपुर	जबलपुर	जबलपुर
44	श्री सुशील कुमार जोशी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	मंदसौर	मंदसौर	मंदसौर	मंदसौर
47	श्री तरुण सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1.	अम्बाह	मुरैना	अम्बाह	अम्बाह
56	श्रीमती पावस श्रीवास्तव, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1.	रतलाम	रतलाम	रतलाम	रतलाम
66	श्रीमती दीपिका मालवीय, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1.	सिवनी	सिवनी	सिवनी	सिवनी
73	श्री अनिल कुमार छापरिया, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट.	शिवपुरी	शिवपुरी	शिवपुरी	शिवपुरी
85	श्री धीरेन्द्र सिंह मंडलोई, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2.	मण्डलेश्वर	मण्डलेश्वर	मण्डलेश्वर	मण्डलेश्वर.".

F. No. 17(E)43-2009-3682-XXI-B(1)/13,—In exercise of the powers conferred by Section 5 of the Gram Nyayalayas Act, 2008 (No. 4 of 2009), the State Government, in Consultation with the High Court of Madhya Pradesh, hereby, makes the following amendment in this department's Notification F. No. 17(E)43/2009/2251/XXI-B(I), dated 10th May, 2013, Namely :

AMENDMENT

In the said Notification, in the table, for serial numbers 2, 29, 30, 34, 38, 44, 47, 56, 66, 73 and 85 and entries

relating thereto, the following serial numbers and entries relating thereto, shall be substituted, namely :—

TABLE

S. No.	Name of Nyayadhikari	Place of Posting	Name of Civil District	Name of Gram Nyayalaya for Panchayat at Intermediate level	Name of Headquarter of Gram Nyayalaya
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
"2	Shri Atul Yadav, Civil Judge, Class-II.	Jobat	Alirazpur	Jobat	Jobat
29	Shri G. C. Dube, IInd Civil Judge, Class-I and ACJM.	Khandwa	Khandwa	Khandwa	Khandwa
30	Shri Rakesh Kumar Jain, IIIrd Civil Judge, Class-I and ACJM.	Guna	Guna	Guna	Guna
34	Shri Devilal Soniya, Additional Judge to Civil Judge, Class-I and ACJM.	Harda	Harda	Harda	Harda
38	Shri Vikas Chandra Mishr, IXth Civil Judge, Class-I and ACJM.	Jabalpur	Jabalpur	Jabalpur	Jabalpur
44	Shri Sushil Kumar Joshi, IInd Civil Judge, Class-I and ACJM.	Mandsaur	Mandsaur	Mandsaur	Mandsaur
47	Shri Tarun Singh, IInd, Civil Judge, Class-I.	Ambah	Morena	Ambah	Ambah
56	Smt. Pawas Shrivastava, IVth Civil Judge, Class-I.	Ratlam	Ratlam	Ratlam	Ratlam
66	Smt. Dipika Malviya, IInd Civil Judge, Class-I.	Seoni	Seoni	Seoni	Seoni
73	Shri Anil Kumar Chhapariya, IInd Civil Judge, Class-I and ACJM.	Shivpuri	Shivpuri	Shivpuri	Shivpuri
85	Shri Dhirendra Singh Mandloi, IInd Civil Judge, Class-II.	Mandleshwar	Mandleshwar	Mandleshwar	Mandleshwar.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के वर्मा, सचिव.

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2013

क्र. एफ-11-17-2013-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्टस एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा.

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	जबलपुर	सिहोरा	जुआरी	प्राचीन बावड़ी.	ख. नं. 550/1	रकवा क्षेत्र 0.110 है.	निजी	नहीं
मध्यप्रदेश	जबलपुर	मझौली	उमरिया	प्राचीन बावड़ी.	ख. नं. 235	रकवा क्षेत्र 4.34 है.	मध्यप्रदेश शासन आबादी.	नहीं.
मध्यप्रदेश	रीवा	हुजूर	हुजूर	रानी अजब कुवंरि की बावड़ी.	ख. नं. 814	रकवा क्षेत्र 2.161 है.	मध्यप्रदेश शासन.	नहीं

क्र. एफ-11-18-2013-तीस.—राज्य शासन की यह राय है कि नीचे दी गई अनुसूची में विनिर्दिष्ट किये गये प्राचीन स्मारक पुरातत्वीय स्थल तथा अवशेष को विनष्ट किये जाने, क्षतिग्रस्त किये जाने, परिवर्तित किये जाने, विरूपित किये जाने, हटाये जाने, तितर-बितर किये जाने या उनका अपक्षय होने से संरक्षित करना आवश्यक है.

(2) अतएव मध्यप्रदेश एन्शीयेन्ट मान्युमेन्टस एण्ड आर्क्योलॉजीकल साईट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1964 (क्रमांक 12 सन् 1964) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, दो माह पश्चात् उक्त प्राचीन स्मारक को राज्य संरक्षित स्मारक के रूप में घोषित करने के अपने आशय की सूचना देता है.

(3) किसी भी ऐसी आपत्ति पर, जो इस संबंध में उक्त प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष में हित रखने वाले किसी व्यक्ति से इस सूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से एक माह की कालावधि समाप्त होने के पूर्व प्राप्त हो, राज्य शासन द्वारा विचार किया जाएगा.

अनुसूची

राज्य	जिला	तहसील	स्थल	स्मारक का नाम	राजस्व खण्ड क्रमांक जिसे संरक्षण में सम्मिलित करना है	क्षेत्रफल	स्वामित्व	धार्मिक पूजा के अधीन है अथवा नहीं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
मध्यप्रदेश	खरगौन	महेश्वर	ईराकपुरा	कालेश्वर मंदिर.	सर्वे क्र. 51	रकवा क्षेत्र 0.203 है.	कालेश्वर महादेव मंदिर महेश्वर प्रबंध कलेक्टर खरगौन एवं खासगी ट्रस्ट महेश्वर.	हाँ
मध्यप्रदेश	खरगौन	महेश्वर	जालेश्वर	जालेश्वर मंदिर (महेश्वर).	ख. नं. 422, 425 प. ह . नं. 22-19/1.	रकवा क्षेत्र 200×200 फिट 109.38.	व्यवस्थापक कलेक्टर खरगौन.	हाँ
मध्यप्रदेश	खरगौन	महेश्वर	केशव मंदिर चौकड़ी.	केशव मंदिर.	सर्वे नं. 403 आबादी.	रकवा क्षेत्र 150×150 फिट.	व्यवस्थापक कलेक्टर खरगौन.	नहीं
मध्यप्रदेश	इन्दौर	महू	जाम खुर्द छोटी जाम.	तालाब में बावड़ी क्र. 3.	179, 203 239	4.50 0.02 1.49	मध्यप्रदेश शासन.	नहीं

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद कटेला, अपर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-23-12-तीन-977.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई , 2012 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद्, जयसिंहनगर, जिला शहडोल** के निर्वाचन में **सुश्री कुमुद द्विवेदी** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद्, जयसिंहनगर, जिला शहडोल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 09 **जुलाई**, 2012 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 8 अगस्त, 2012 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के पत्र क्र.न.पा.निर्वा.-12-779 दिनांक 22 सितम्बर, 2012 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार सुश्री कुमुद द्विवेदी द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री कुमुद द्विवेदी** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2012 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री कुमुद द्विवेदी को सूचना पत्र दिनांक 06 फरवरी 2013 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 21 फरवरी 2013 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. कलेक्टर शहडोल ने अपने पत्र दिनांक 19 फरवरी, 2013 में लेख किया कि नोटिस प्राप्ति के पश्चात आज दिनांक तक अभ्यर्थी द्वारा व्यय लेखे प्रस्तुत नहीं किये गये और न तो कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत किया गया. अतः आयोग द्वारा दिनांक 07 मई 2013 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 24 जून, 2013 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. सूचना पत्र की तामीली 20 जून, 2013 को होने के पश्चात भी अभ्यर्थी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा-32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री कुमुद द्विवेदी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा नगर परिषद जयसिंहनगर जिला शहडोल का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 7 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-23-12-तीन-978.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई , 2012 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद्, जयसिंहनगर, जिला शहडोल** के निर्वाचन में **सुश्री इन्द्रवती कोल** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद्, जयसिंहनगर, जिला शहडोल** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 09 **जुलाई**, 2012 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 8 अगस्त, 2012 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शहडोल के पत्र क्र.न.पा.निर्वा.-12-779 दिनांक 22 सितम्बर, 2012 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री इन्द्रवती कोल** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री इन्द्रवती कोल** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2012 जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री इन्द्रवती कोल को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 05 फरवरी 2013 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 20 फरवरी 2013 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, किन्तु उनके द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. कलेक्टर शहडोल ने अपने पत्र दिनांक 19 फरवरी, 2013 में लेख किया कि नोटिस प्राप्ति के पश्चात आज दिनांक तक अभ्यर्थी द्वारा व्यय लेखे प्रस्तुत नहीं किये गये और न तो कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत किया गया. अतः आयोग द्वारा दिनांक 07 मई 2013 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 24 जून, 2013 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. सूचना पत्र की तामीली 20 जून, 2013 को होने के पश्चात भी अभ्यर्थी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित करण नहीं है.

अतः मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा-32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री इन्द्रवती कोल** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद जयसिंहनगर जिला शहडोल** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिए निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.
